## Regional Coordinating Institute, Unnat Bharat Abhiyan
**IIT Roorkee**

**(News Clipping)**

हिन्दुस्तान देहरादून • मंगलवार • 04 फरवरी 2020

### आईआईटी में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आईआईटी के निदेशक ने किया शुभारंभ

# छोटे प्रयास दे सकते हैं ग्रामीण विकास में योगदान

**कार्यशाला**

रुड़की | कार्यालय संवाददाता

आईआईटी रुड़की में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत मैनेजमेंट डवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डवलपमेंट लीडरशिप पर कार्यशाला शुरू हुई। आईआईटी निदेशक प्रो. एके चतुर्वेदी ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ग्रामीण विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं।

रुड़की आईआईटी के अनवरत शिक्षा केंद्र में उन्नत भारत अभियान क्षेत्रीय समन्वय संस्थान, आईआईटी रुड़की, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, गुवाहाटी और उत्तराखंड ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, रुद्रपुर की ओर से मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑन रूरल डवलपमेंट लीडरशिप पर कार्यशाला हो रही है। कार्यशाला का उद्घाटन आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि तकनीकी शिक्षण संस्थान एवं ग्रामवासियों के समन्वित प्रयास से ग्रामीण विकास में शुरू हुई पहल में आईआईटी द्वारा अपनी भूमिका का बेहतर ढंग से निर्वहन करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ग्रामीण विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। इससे पहले कार्यशाला समन्वयक प्रो. आशीष पाण्डेय ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। बताया कि 6 फरवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड के उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम से जुड़ी प्रतिभागी संस्थानों के समन्वयकों, छात्रों, सरपंचों, ग्राम प्रधानों के अतिरिक्त इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सरकारी विभाग के संबंधित कर्मचारी, अधिकारी भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान एवं पंचायती राज संस्थान गुवाहाटी के निदेशक प्रो. आरएम पंत ने कहा कि अभियान में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा अधिकारियों के सहयोग से ग्रामीण विकास का खाका तैयार किया गया है। संबंधित गांव के ग्रामीण उस गांव से संबंधित विकास की कार्ययोजना तैयार करेंगे।

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान से प्रो. मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण विकास में योगदान के लिए इस अभियान से जुड़े हुए लोगों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। कार्यशाला में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. आरडी सिंह, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की सहायक परियोजना निदेशक नलिनीत घिल्डियाल, विकास, गुंजन लाल, हारून, हरीश लखेड़ा, नितिन वर्मा, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।



रुड़की आईआईटी में सोमवार को आयोजित कार्यशाला में उपस्थित लोग। • हिन्दुस्तान




रुड़की आईआईटी में सोमवार को अतिथियों ने कार्यशाला को संबोधित किया। • हिन्दुस्तान